***प्रेस नोट दिनांक 19.06.2025***
***थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली***

**थाना बिथरी चैनपुर बरेली पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण कर, घटना कारित करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 9000 रुपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 खोखा कारतूस,02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, चाकू व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद।**

थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली पर दिनांक 15.06.2025 को वादी श्री रामबीर सिंह पुत्र महेशपाल निवासी ग्राम हसौआ थाना निगोही जनपद शहाजहांपुर के द्वारा वादी से थैले में रखे एक सोने की चैन व 14,000 रुपये छीनकर ले जाने के संबध मे थाना बिथरी चैनपुर, बरेली पर मु0अ0सं0-296/25 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपरोक्त घटना के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक बिथरी चैनपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी थी। थाना प्रभारी बिथरी चैनपुर के नेतृत्व में दिनांक 19.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर बीसलपुर मार्ग पर कुआडांडा तिराहे पर पहुंचकर तीनों बदमाशो को पकड़ने का प्रयास किया गया तो गाड़ी में बैठे तीनों बदमाश गाडी स्टार्ट कर बीसलपुर मार्ग पर गाडी दौडा दिये। थाना पुलिस टीम द्वारा बदमाशों की गाड़ी का पीछा किया तो बदमाश स्वयं की गाडी को तैय्यतपुर गांव को जाने वाले कच्चे मार्ग पर अपनी गाडी दौडा दिये आगे चलकर तैय्यतपुर से पहले रास्ते पर मार्ग पर पानी व कीचड मे गाडी फंस जाने के कारण तीनों बदमाशो ने गाडी से उतरकर जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में 01 अभियुक्त शहवाज अली उर्फ अली खान पुत्र सरताज अली निवासी मो0 राजगंज कस्बा/थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत उम्र करीब 22 वर्ष, बायें पैर के घुटने में गोली लगने से घायल अवस्था में एवं 2. सिकन्दर पुत्र इब्राहिम निवासी मो0 रजागंज कस्बा व थाना पूरनपुर पीलीभीत उम्र करीब 24 वर्ष 3. अमन अंसारी पुत्र राशिद निवासी अहमद नगर कस्बा व थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत उम्र करीब 27 वर्ष को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में हे0का0 16 इस्लाक अहमद भी घायल हुए है। गिरफ्तार घायल अभियुक्त व घायल पुलिसकर्मी को उपचार हेतु सीएचसी बिथरी चैनपुर भेजा गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 9000 रुपये नगद व 02 देशी तमन्चा नाजायज, 02 खोखा कारतूस , 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना मे प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार (संख्या यूपी 11 बीएल 9113) बरामद हुई। तीनों बदमाशो को पुलिस हिरासत में लेने के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बिथरी चैनपुर पर मु0अ0सं0-304/2025 धारा 109,3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया जा रहा है। नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ -**

अभियुक्तगणों ने पूछताछ पर बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर बस से उतरने वाले यात्रियों को उनके अगले गंतव्य तक पहुंचने हेतु उनको दबाव पूर्वक अपनी कार में बैठाकर चल देते हैं, उसके बाद दूर जाकर उनको धमका कर मारपीट कर उनका कीमती सामान घड़ी मोबाइल रुपया, जेवर आदि लूट ले लेते हैं। दिनांक 15 जून 2025 को हम लोगों ने सैटलाइट बस अड्डा बरेली से एक व्यक्ति, जो बस से उतरा था, उसको बीसलपुर छोड़ने के बहाने अपनी कर में बैठा लिया था। उसके बाद उससे मारपीट कर धमका कर उसकी सोने की चैन व 14000 रुपये लूट लिया था। आज हम लोग पुन: लूटपाट की फिराक में घूम रहे थे कि आप लोगों ने हमारा पीछा कर लिया। हम लोगों को पूर्ण विश्वास हो गया कि आप हम लोगों को गिरफ्तार कर लेंगे, इसलिए गिरफ्तारी से बचने के लिए हमने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

अपराधियों ने बताया कि हम लोग घटना करके नेपाल भाग जाते हैं और वहां पर लूट का सामान बेचकर कसीनो में मौज मस्ती जुआ खेल कर वापस आ जाते हैं और इसी शौक को पूरा करने के लिए हम लूटपाट करते हैं।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता</u>**-

1. शहवाज अली उर्फ अली खान पुत्र सरताज अली निवासी मो0 राजगंज कस्बा थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत उम्र करीब 22 वर्ष ।
2. सिकन्दर पुत्र इब्राहिम निवासी मो0 रजागंज कस्बा व थाना पूरनपुर पीलीभींत उम्र करीब 24 वर्ष ।
3. अमन अंसारी पुत्र राशिद नि0 अहमद नगर कस्बा थाना पूरनपुर जिला पीलीभीतं उम्र करीब 27 वर्ष ।

**<u>*बरामदगी-*</u>**

**1**. 9000 रुपये नगद
**2**. 02 अदद देशी तमन्चा नाजायज, 02 खोखा कारतूस , 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
**3**. घटना मे प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम/पता</u>/<u>आपराधिक इतिहास</u>**-

**1. अभि0 शहवाज अली उर्फ अली खान पुत्र सरताज अली निवासी मो0 राजगंज कस्बा थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत उम्र करीब 22 वर्ष**

1.मु0अ0सं0-296/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना बिथरीचैनपुर बरेली
2.मु0अ0स0 304/2025 धारा 109/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्मस एक्ट थाना बिथरीचैनपुर बरेली
3. मु0अ0सं0 0440/24 धारा 127(2)/310(2)/317(3) बीएनएस थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत

**2.अभि0 सिकन्दर पुत्र इब्राहिम निवासी मो0 रजागंज कस्बा व थाना पूरनपुर पीलीभींत उम्र करीब 24 वर्ष –**

1.मु0अ0सं0-296/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना बिथरीचैनपुर बरेली
2.मु0अ0स0 304/2025 धारा 109/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्मस एक्ट थाना बिथरीचैनपुर बरेली

**3. अभि0 अमन अंसारी पुत्र राशिद निवासी अहमद नगर कस्बा व थाना पूरनपुर जिला पीलीभीतं उम्र करीब 27 वर्ष ।**

1.मु0अ0सं0-296/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना बिथरीचैनपुर बरेली
2.मु0अ0स0 304/2025 धारा 109/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्मस एक्ट थाना बिथरीचैनपुर बरेली

**<u>पुलिस टीम-</u>**

1.श्री चन्द्र प्रकाश शुक्ल प्रभारी निरीक्षक थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
2.निरीक्षक अपराध श्री वेद सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
3. निरीक्षक सुनील शर्मा प्रभारी एसओजी टीम बरेली
4. उ0नि0 नवीन कुमार एसओजी टीम बरेली
5. उ0नि0 सतेन्द्र मोतला सर्विलांस प्रभारी बरेली
6.व0उ0नि0 श्री मुनेन्द्र पाल सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
7.उ0नि0 श्री अमरेश कुमार थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
8.उ0नि0 श्री पवन कुमार शर्मा कुमार थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
9.हे0का0 46 फहीम खा थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
10.हे0का0 16 इस्लाक अहमद थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
11.का0 3820 आकाश कुमार थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
12.का0 417 सचिन मलिक थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
13.का0 3679 शिव कुमार थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
14.का0 3871 विजिल मलिक थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।